**Dainik Bhaskar** **Date – 02/09/2025**

# छात्रों को एनईपी 2020 की शैक्षिक नीतियां बताई

जींद| सीआरएसयू के रसायन विभाग के सभागार में इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वीसी प्रो. आरपी सैनी ने संदेश के माध्यम से विद्यार्थियों को विभागीय एवं विश्वविद्यालय गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया।

समन्वयक डॉ. दीपक वधवा ने छात्रों को एनईपी 2020 की शैक्षिक नीतियों से परिचित कराया। इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. विशाल वर्मा ने किया। कार्यक्रम में डॉ. खुशबू चहल, डॉ. रामभगत, डॉ. कविता, डॉ. परवेश देवी, डॉ. अमित कुमार, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. ज्योति, डॉ. शीतल, डॉ. सिमरन, रितिका, अंकित एवं एमएससी के छात्र पवन, राखी, मधु, तनू और मीनाक्षी ने विचार रखे।